## खबर संक्षेप




### करूर वैश्य बैंक का लाभ बढ़कर 378 करोड़

**चेन्नई।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक (केवीबी) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 378.45 करोड़ रुपये रहा। तमिलनाडु स्थित बैंक का पिछले वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध मुनाफा 250.23 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में बैंक का शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा, पिछले वर्ष समान अवधि में यह 479 करोड़ रुपये रहा था।

### सोना स्थिर, चांदी 300 रुपए टूटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये के नुकसान के साथ 73,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,000 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में सोना मामूली तेजी के साथ 1,915 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी की कीमत भी तेजी के साथ 22.55 डॉलर प्रति औंस हो गयी।

### टाटा मेटालिक्स का मुनाफा तीन गुना बढ़ 44 करोड़ रु.

**नई दिल्ली।** टाटा मेटालिक्स लिमिटेड का 30 सितंबर, 2023 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 44.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले जुलाई-सितंबर में कंपनी ने 14.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने बताया कि खर्च घटने से उसका मुनाफा बढ़ा है।

# पांच स्टार रेटिंग के साथ टाटा हैरियर व सफारी लांच, बनी सबसे सुरक्षित एसयूवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने एसयूवी सफारी और हैरियर नया मॉडल लांच कर दिए दिया है। दोनों एसयूवी में एक जैसा अपडेटेड डीजल इंजन सेटअप दिया है, जिससे इनका माइलेज बढ़ा है। कंपनी का दावा है कि दोनों कारें 16 किलोमीटर प्रतिलीटर से ज्यादा का माइलेज देंगी। दोनों एसयूवी को ग्लोबल एनकैप से 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। सफारी की शुरूआती कीमत 16.19 लाख रुपए से शुरू है।

टाटा ने अपनी सेफ्टी का झंडा एक बार फिर सबसे ऊपर गाड़ दिया है। 2014 के बाद से टाटा मोटर्स की नैनो, जेस्ट, नेक्सन, अल्ट्रोज, टियागो, टिगोर और पंच समेत कई कारों ने ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में अच्छे अंक हासिल किए, लेकिन कार निर्माता की प्रमुख एसयूवी हैरियर और सफारी की टेस्टिंग अभी तक नहीं हुई थी।

## सफारी की शुरुआती कीमत 16.19 लाख रुपए

### क्रैश टेस्ट के सारे रिकॉर्ड तोड़े

अब जब कंपनी ने हैरियर और सफारी के फेसलिफ्ट मॉडल को क्रैश टेस्ट के लिए भेजा, तो इन दोनों एसयूवी ने सारे रिकॉर्ड ही तोड़ दिए। क्योंकि इन दोनों एसयूवी ने न सिर्फ क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है, बल्कि ग्लोबल एनसीएपी अडल्ट और चाइल्ड सेफ्टी रेटिंग बेंचमार्क में उच्चतम स्कोर हासिल किया है। इसके साथ ही ये दोनों एसयूवी अब भारत की सबसे सुरक्षित एसयूवी बन गई हैं।




### साइड इफेक्ट सेफ्टी में भी मिले अच्छे अंक

हैरियर और सफारी ने वयस्क सेफ्टी में 33.05 अंक हासिल किए हैं। वहीं, चाइल्ड सेफ्टी में इन दोनों एसयूवी को 49 में से 45 अंक मिले हैं। दोनों एसयूवी को साइड इफेक्ट सेफ्टी के लिए भी टेस्ट किया गया, जिसमें दोनों ने अच्छे स्कोर हासिल किए हैं।

### टाटा हैरियर और सफारी : परफॉर्मेंस

2023 टाटा सफारी और टाटा हैरियर में पहले की तरह 2.0-लीटर का 4-सिलेंडर डीजल इंजन दिया गया है, जो 170 पीएस की मैक्सिमम पावर और 350 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमेटिक गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है।

### अडल्ट पैसेंजर क्रैश टेस्ट रेटिंग

नई टाटा हैरियर और सफारी को अडल्ट यात्रियों की सुरक्षा के लिए 34 में से 33.05 अंक मिले, जिसके परिणामस्वरूप 5-स्टार रेटिंग मिली। टेस्टर्स ने दोनों मॉडलों में ड्राइवर और यात्री के सिर और गर्दन के लिए दी गई सुरक्षा को बेहतर बताया, जबकि ड्राइवर और यात्री की सीने के लिए सुरक्षा को पर्याप्त माना गया। जहां तक बॉडीशेल की बात है, तो रिजल्ट शीट में उल्लेख किया गया है कि दोनों एसयूवी स्थिर रही है और फ्रंट के भार को झेलने में सक्षम हैं।

# भारत के लैपटॉप-कंप्यूटर आयात अंकुश फैसले से अमेरिका, कोरिया चिंतित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में अमेरिका, चीन, कोरिया और चीनी ताइपे ने लैपटॉप तथा कंप्यूटर पर आयात संबंधी अंकुश लगाने के भारत के फैसले पर चिंता जाहिर की है।

- डब्ल्यूटीओ की बैठक में भारत के फैसले पर चिंता जाहिर की गई थी

डब्ल्यूटीओ की बाजार पहुंच समिति की बैठक में ये चिंता जाहिर की गई। इसकी अध्यक्षता 16 अक्टूबर को जिनेवा के पराग्वे में रेनाटा क्रिसाल्डो ने की थी। जिनेवा स्थित एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने कहा कि इस फैसले के लागू होने के बाद इन उत्पादों के व्यापार पर असर पड़ेगा, जिसमें भारत में अमेरिकी निर्यात भी शामिल है। अमेरिका ने कहा कि यह फैसला निर्यातकों और 'डाउनस्ट्रीम' उपयोगकर्ताओं के लिए अनिश्चितता उत्पन्न कर रहा है। सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट व अन्य पीसी उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। यह कदम विदेशी उपकरणों में हार्डवेयर में सुरक्षा संबंधी खामियां होने के अलावा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के मकसद से भी उठाया गया है। इन वस्तुओं के आयात के लिए एक नवंबर से विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) से लाइसेंस/अनुमति लेनी होगी। आयात पर अंकुश से भारत को उन स्थानों पर कड़ी नजर रखने में मदद मिलेगी जहां से उत्पाद आ रहे हैं।

### भारत हर साल 7-8 अरब डॉलर का आयात करता है

*इसके परिणामस्वरूप अनावश्यक व्यापार बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। भारत हर साल करीब 7-8 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का ये सामान आयात करता है। देश ने 2022-23 में 5.33 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के लैपटॉप सहित पर्सनल कंप्यूटर का आयात किया था, जबकि 2021-22 में 7.37 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात किया गया।*

## एनएचएआई ने यातायात नियमों के लिए उठाया कदम

# बेहतर सड़क सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक प्रबंध प्रणाली का किया जा रहा उपयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा बेहतर बनाने और यातायात नियमों के पालन को लेकर कदम उठाया है। इसके तहत अत्याधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) का उपयोग किया जा रहा है। एक अधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि जो बदलाव किये गये हैं, उसमें पुराने वीआईडीएस (वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन सिस्टम) कैमरों की जगह 'वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन एंड एनफोर्समेंट सिस्टम' (वीआईडीईएस) का उपयोग शामिल है।

- पुराने वीआईडीएस कैमरों की जगह वीआईडीईएस का प्रयोग

### खास बातें

- अत्याधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) को उपयोग
- कैमरा 14 अलग-अलग घटनाओं की पहचान करने में सक्षम



### हर 10 किलोमीटर पर होंगे स्थापित

बयान के अनुसार, व्यापक कवरेज के लिये इन कैमरों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर हर 10 किलोमीटर पर स्थापित करने की योजना है। हर 100 किमी पर अत्याधुनिक कमांड और नियंत्रण केंद्र विभिन्न कैमरों से मिली सूचना या जानकारी को एकीकृत करेंगे।

### इन सब पर होगी निगरानी

नए अत्याधुनिक कैमरों में 14 अलग-अलग घटनाओं की पहचान करने की क्षमता है। इसमें दोपहिया वाहनों पर तीन लोगों का बैठना, हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग नहीं कर नियमों का उल्लंघन, गलत लेन या दिशा में गाड़ी चलाना, राजमार्ग पर जानवरों की उपस्थिति और पैदल यात्री का सड़क पार करना शामिल हैं।

### एम्बुलेंस को अलर्ट करेंगे कैमरे

बयान के अनुसार, घटना के आधार पर नये कैमरे रास्ते में निगरानी का काम कर रहे वाहनों या एम्बुलेंस को अलर्ट करेंगे, ई-चालान सृजित करें, समीप के वैरिएबल मैसेजिंग बोर्ड पर अलर्ट जारी करेंगे या पास के यात्रियों को 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल ऐप के माध्यम से सूचनाएं भेजेंगे।

### वाहनों की गति का चलेगा पता

इसके अलावा, वाहन की गति का पता लगाने वाली प्रणाली (वीएसडीएस) को अब वीआईडीईएस से जोड़ा गया है। यह स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरों के उपयोग को बेहतर बनाएगा। बयान के अनुसार, यातायात निगरानी कैमरा प्रणाली (टीएमसीएस) को भी उन्नत बनाया जाएगा।

### दुर्घटनाग्रस्त व रूके वाहनों का लगाएंगे पता

राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर एक किलोमीटर पर स्थित ये कैमरे दुर्घटनाओं और रुके हुए वाहनों का स्वचालित पता लगाने जैसी उन्नत क्षमताओं से युक्त हैं। इसके साथ, स्थानीय यातायात एजेंसियों के साथ सहयोग को मजबूत करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यातायात पुलिस प्रतिनिधियों के लिये कमांड और नियंत्रण केंद्र में अलग से कार्यस्थान उपलब्ध कराएगा।

### कैमरे की जानकारी होगी साझा

इसके अलावा, नेटवर्क पर कैमरे की जानकारी साझा करने का भी प्रावधान किया गया है ताकि वास्तविक समय पर समन्वय हो सके और उससे निपटने के लिये उपाय किये जा सके।


# भारत 2029-30 तक बुनियादी ढांचे पर 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगाः क्रिसिल

- 2030-31 तक 6.7 प्रतिशत होगी भारत की जीडीपी ग्रोथ

**नई दिल्ली।** भारत वित्त वर्ष 2023-24 से 2029-30 के बीच बुनियादी ढांचे पर लगभग 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि यह राशि पिछले सात वित्त वर्षों (2017-23) में खर्च किए गए 67 लाख करोड़ रुपये की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में कुल 36.6 लाख करोड़ रुपये का निवेश हरित परियोजनाओं में होगा, जो 2017-2023 के मुकाबले पांच गुना है। क्रिसिल ने अपनी 'इन्फ्रास्ट्रक्चर ईयरबुक 2023' में कहा, 'भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर खर्च 2017-2023 की तुलना में 2024-30 के बीच दोगुना होकर 143 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा।'क्रिसिल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्याधिकारी अमीश मेहता ने कहा कि एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत का सकल घरेलू उत्पाद औसतन 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा और यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था में होगा। उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 2030-31 तक प्रति व्यक्ति आय मौजूदा 2,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 4,500 डॉलर हो जाएगी, जिससे भारत एक मध्यम आय वाला देश बन जाएगा।'मेहता ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप और अनुकूल निवेश माहौल की मदद से सभी क्षेत्रों में 'क्रिसिल इन्फ्राइन्वेक्स' स्कोर में तेजी हुई है।

# शेयर बाजार में तीन दिन की गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 261 अंक से अधिक की तेजी आई। वैश्विक बाजारों में सुधार के साथ एचडीएफसी बैंक के तिमाही परिणाम के बाद इसके शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 261.16 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,428.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 392.89 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 79.75 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,811.50 अंक पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, भारती एयरटेल, नेस्ले, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।



### श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक/उत्तर रेलवे ने46वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में उत्तर रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनआरएसए) द्वारा दिनाँक 17.10.2023 से 21.10.2023 तक करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में46वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में ₹46वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023-24₹ के उद्घाटन की घोषणा की। इस चैंपियनशिप में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर श्री शोभन चौधुरी ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों से सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

### डॉ. प्रमोद पहारिया को मिला 'एक्सीलेंट डॉक्टर अवार्ड'




नई दिल्ली। ज्योतिरादित्य सिंधिया, नागरिक एवं उड्डयन मंत्री द्वारा डॉ. प्रमोद पहारिया को रीढ़ रोग के इलाज के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए 'एक्सीलेंट डॉक्टर अवार्ड' प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. प्रमोद पहारिया को स्पाइन (रीढ़) रोगों के बिना ऑपरेशन के इलाज के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है उनकी इस उपलब्धि पर मित्रों और परिवार जनों द्वारा बधाइयाँ प्रेषित की गई।

# आरबीआई ने आईसीआईसीआई व कोटक बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ नियामकीय नियमों के उल्लंघन के लिए निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक पर 12.19 करोड़ रुपये और कोटक महिंद्रा बैंक पर 3.95 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर उसने यह जुर्माना कर्ज एवं अग्रिम से संबंधित अंकुशों और धोखाधड़ी वर्गीकरण एवं बैंकों की तरफ से जानकारी देने से संबंधित मानकों के उल्लंघन पर लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने एक अन्य बयान में कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक पर जुर्माना वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन एवं आचार संहिता से संबंधित निर्देशों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है। यह कार्रवाई बैंक की तरफ से नामित वसूली एजेंट, ग्राहक सेवा और कर्ज एवं अग्रिम प्रावधानों में खामी से भी संबंधित है।

## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

**लोन**

☞ DHANI LOAN & SERVICES, पर्सनल लोन , होम लोन , बिज़नेस लोन , प्रॉपर्टी लोन , सभी प्रकार के लोन , 1 लाख से 20 लाख तक , कम समय में संपर्क करें :- 7324065038

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## महिलाओं को सशक्त बनानाः के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में 'बाधाओं को तोड़ना' पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**गुरुग्राम।** को के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिकल एंड अलाइड साइंसेज ने ₹एक्टिविटी ऑन ब्रेकिंग बैरियर्स₹ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए एक चिंगारी जलाई। ₹महिलाएं अधिक शक्तिशाली होंगी, राष्ट्र मजबूत होगा₹ के बैनर तले, बैचलर और मास्टर ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज की डीन और प्रोफेसर प्रतिष्ठित डॉ. हेमा चौधरी द्वारा जज की गई प्रतियोगिता में बाधाओं को तोड़ने के महत्व और एक मजबूत राष्ट्र को आकार देने में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। निर्णायक मानदंड छात्रों द्वारा दृश्य प्रभाव, पोस्टर प्रवाह और श्रव्यता पर केंद्रित थे। डॉ. चौधरी विचारोत्तेजक पोस्टरों से प्रभावित हुई, उन्होंने कहा, ₹प्रतियोगिता से हमारे छात्रों की असाधारण रचनात्मकता और जुनून का पता चला।

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस (डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/537    नई दिल्ली, दिनांक 17/10/2023

निविदा सं. डब्ल्यूटीए–537 के लिए शुद्धि पत्र सं. 5

**विषयः- डब्ल्यूटीए पी7/डब्ल्यूटीए जी9 के लिए 15 अदद् तीन फेस इलैक्ट्रिक सिमुलेटर और ईएमयू/एमईएमयू हेतु 3 अदद् सिमुलेटर की खरीद के लिए दिनांक 26/10/2023 को खोली जाने वाली ई-निविदा सं. डब्ल्यूटीए-537.**


निविदा के कुछ निबंधन एवं शर्तें आशोधित की गई हैं। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एम),
रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
टेलीफोन नं. 011–23073191
ई–मेलः drsm@rb.railnet.gov.in

3234/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5307



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5306 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग | र | ज | ना | | र | स | ही | न | |
| गु | | | वा | | ढ | | हा | | | ग |
| जा | | म | नी | षा | को | ई | रा | ला | | र |
| र | ट | ना | | | स | | | य | म | ज |
| ना | | ना | | क | ला | म | | क | ल | |
| | र | | गै | र | | ह | स्त | | ना | |
| | क | वि | | वा | द | क | | सु | | स |
| क | म | रा | | | श | | | ब | से | रा |
| प | | म | न | मो | ह | न | सिं | ह | | बो |
| ट | | | क | | रा | | गा | | | र |
| | म | त | ल | ब | | ल | र | ज | ना | |

## सूडोकु नवताल- 5317

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5316 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |